आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 27.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड में अब तक छह हजार एकड़ जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।
- प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के लिए नवनियुक्त लगभग 1 हजार 300 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा और आदि कैलाश यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर पिथौरागढ़ में सेना और प्रशासन की संयुक्त बैठक का आयोजन।
- नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने आधुनिक उपकरणों से लैस मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री संबोधन

उत्तराखंड में अब तक छह हजार एकड़ जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। नई दिल्ली में एक समाचार चैनल की ओर से आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बात कही। श्री धामी ने प्रदेश में जनसांख्यिकी परिवर्तन का उल्लेख भी किया और कहा कि राज्य के मूल स्वरूप से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नियुक्ति पत्र वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के लिए नवनियुक्त लगभग 1 हजार 300 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से नियुक्तियां रुकी पड़ी थीं, जिनको पिछले दो–तीन सालों से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों के होने से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज विशेषकर अल्मोड़ा, हल्द्वानी और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेजों के नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। कुछ दिनों बाद देहरादून और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों के लिए भी नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कोई दिक्कत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में 25 करोड़ 59 लाख की लागत से नवनिर्मित सभागार भवन का लोकार्पण भी किया।

शटल सेवा

नैनीताल जिले के भवाली स्थित कैची धाम में बढ़ती भीड़ और यातायात की समस्या को देखते हुए शटल सेवा और पार्किंग की नई व्यवस्था लागू की गई है। इससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था के तहत, बाहर से आने वाले पर्यटकों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़े करने होंगे। भीमताल मार्ग से आने वालों के लिए पार्किंग इंडस्ट्रियल एरिया भीमताल में होगी, जबकि ज्योलीकोट–भवाली मार्ग से आने वालों को भवाली सैनिटोरियम के पास कैची बाइपास से डेढ किलोमीटर पहले पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। इन दोनों स्थानों से शटल सेवा के जरिए दर्शनार्थियों को कैची धाम पहुंचाया जाएगा।

शटल सेवा सामान्य दिनों में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगी। सप्ताह के अंतिम दिन और त्योहारों के दौरान इसका संचालन सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक होगा। वहीं, इन व्यस्त दिनों में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 8 से रात 9 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय मार्गों से जाने वाले अन्य वाहन सामान्य रूप से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।
प्रशासन ने सभी पर्यटकों से अपील की है कि वे इस नई व्यवस्था के अनुसार ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं और ट्रैफिक को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें।

## कैलाश मानसरोवर बैठक

कैलाश मानसरोवर यात्रा, ओम पर्वत और आदि कैलाश यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर पिथौरागढ़ में सेना और प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की तैयारियों, विभिन्न पहलुओं और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 119 इनमेन्ट्री के ब्रिगेडियर गौतम पाठक ने कहा कि ये यात्राएं अत्यंत महत्वपूर्ण है और इनके सफल संचालन को लेकर सेना प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा सेना के दो महत्वपूर्ण कार्य है और इसे सेना पूरी तत्परता से करेगी। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने निर्देश दिए कि यात्रा की तैयारियों को लेकर सतही कार्य करें। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या ने बताया कि इस साल संचालित होने वाली यात्राओं को लेकर पर्यटन विभाग तैयार है। बैठक में भारतीय सेना और स्थानीय प्रशासन के समन्वय पर जोर दिया गया।

## मोबाइल फोरेंसिक लैब

नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन, हल्द्वानी से मोबाइल फोरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल फोरेंसिक वैन, क्राइम सीन प्रोटेक्शन किट, फिंगर प्रिंट किट और डीएनए डिटेक्शन सहित अन्य उपकरणों से लैस है, जो आपराधिक घटनाओं के त्वरित खुलासे में सहायक होगी। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित यह वाहन फोरेंसिक विशेषज्ञता कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बेहतर और प्रभावी साबित होगा। इससे आपराधिक घटनाओं के त्वरित अनावरण में विशेष भूमिका रहेगी और सार्थक परिणाम हासिल होंगे। इस दौरान श्री मीणा ने फोरेंसिक सैल प्रभारी से वैन में लगे आधुनिक उपकरणों की क्रियाशीलता और विशेषताओं के सम्बन्ध में भी जानकारी ली।

## स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स शुभारंभ

हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स का शुभारंभ हो गया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल कुमार सिंह ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में एक ही छत के नीचे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, क्रिकेट, स्क्वैश, वॉलीबॉल, जिम आदि की सुविधा है। साथ ही इसमें एक कैफेटेरिया भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां पर कोच की भी व्यवस्था की जाएगी, जो अच्छे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे और निर्बल आय वर्ग के खिलाड़ियों का चयन कर उनको निःशुल्क खेल की सुविधा और प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को उनके मनपसंद खेल के अनुसार उनके शारीरिक विकास के लिए विशेषज्ञों द्वारा उनकी काउंसलिंग भी की जाएगी, ताकि वह खेलों के अनुरूप अपने शरीर को ढाल सकें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## एनएसएस शिविर समापन

चमोली जिले में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोपेश्वर की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आज रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। शिविर में स्वयं सेवकों को विभिन्न कार्य कलापों के साथ बौद्धिक जानकारियां दी गई। शिविर में सभी गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर शिवानी बिष्ट को सर्वश्रेष्ठ बालिका स्वयंसेवी और राहुल को सर्वश्रेष्ठ बालक स्वयंसेवी के खिताब से नवाजा गया।